# जनशताब्दी एक्सप्रेस 12 अगस्त 2025 से मदनमहल स्टेशन से ओरजिनेट/टर्मिनेट होगी

जबलपुर 1 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनीय जरुरत एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली गाड़ी संख्या 12062/12061 जबलपुर-रानी कमलापति-जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस के प्रस्थान/गंतब्य स्टेशनों में संशोधन किया गया है। जनशताब्दी एक्सप्रेस अब जबलपुर की बजाय मदन महल से ओरजिनेट/टर्मिनेट होगी यानी मदन महल-रानी कमलापति-मदन महल के मध्य संचालित करने का निर्णय लिया गया है। बाकी सभी स्टेशनों की समय-सारिणी यथावत रहेगी। यह बदलाव दिनाँक 12 अगस्त 2025 से प्रभावी रहेगा। संशोधित समय सारिणी का विवरण निम्नानुसार है :-

**गाड़ी संख्या 12062 मदनमहल-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनाँक 12 अगस्त 2025 से मदनमहल स्टेशन से प्रातः 05:40 बजे प्रस्थान** करते हुए मार्ग के रास्तों से होते हुए रानी कमलापति 11:15 बजे पहुँचेंगी।

इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनाँक 12 अगस्त 2025 से** रानी कमलापति स्टेशन से अपने निर्धारित समय शाम 17:40 बजे प्रस्थान करते हुए मार्ग के रास्तों से होते हुए **मदनमहल रात 22:45 बजे टर्मिनेट** होगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/266/2025 दिनांक 01.08.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर